(ग) उन एजेंसियों का ब्योरा क्या है जिनके विरुद्ध जांच कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)**: (क) से (ग): उत्तर प्रदेश में मार्च, 1992 तक पिछले तीन वर्षों म कदाचार, मालिक के निधन, हिस्सेदारों आदि के बीच विवाद आदि के कारण 8 एल० पी० जी० की डिस्ट्रीब्यूटरशिपें बंद/निलंबित कर दी गई थीं। इनमें से 3 डिस्ट्रीब्यूटरशिपें समाप्त कर दी गयी थीं। 2 बंद कर दी गयी थीं और एक डिस्ट्रीब्यूटरशिप को दोबारा आरंभ करने की अनुमति दे दी गयी है। दो की अभी जांच चल रही है।

**उत्तर प्रदेश के लिए मिट्टी के तेल के कोटे में वृद्धि करना।**

1473. **हरमोहन सिंह** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत एक वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश को मिट्टी के तेल की कितनी मात्रा आवंटित की गई है;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश के लिए मिट्टी के तेल के कोटे में वृद्धि करने हेतु कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)**: (क) से (ग) : वर्ष 1991–92 में उत्तर प्रदेश को 905891 मी० टन एस० के० ओ० का आवंटन किया गया था। सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एस० के० ओ० के आवंटन को वर्ष 1991–92 के समान स्तर पर कायम रखा जा रहा है :

**मध्य प्रदेश में नई गैस एजेंसियां खोलना**

1474. **श्री कैलाश नारायण सारंग** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारी संख्या में उपभोक्ता ईंधन प्रयोजनों के लिए एल० पी० जी० गैस प्राप्त करने हेतु प्रतीक्षा कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार इन उपभोक्ताओं के हितार्थ मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई एल० पी० जी० एजेंसियां खोलने की योजना शुरु करने का विचार रखती है ?

(ग) यदि हां, तो ये एजेंसियां कब तक कार्य करना आरंभ कर देंगी ; और

(घ) उपभोक्ताओं को गैस कनेक्शन शीघ्र जारी करने के लिए केन्द्र सरकार की अन्य योजनाएं कौन-कौन सी हैं ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द)** : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) 20,000 तथा इससे अधिक की आबादी वाले इलाकों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप की आर्थिक व्यवहार्यता तथा उत्पाद की उपलब्धता आदि के आधार पर देश के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से एल० पी० जी० की एजेंसियां खोली जाती हैं।

(घ) नए श्रोतों को शुरु करके तथा आयातों के जरिए देश में एल० पी० जी० की उपलब्धता में वृद्धि करने की योजनाएं बनाई गई हैं।

**Southern Gas Grid Project**

1475. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) the details of the report of the Inter-ministerial group appointed to go into the